सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 69 | इंदौर, शनिवार 21 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. देश के लिए खतरनाक टेलीग्राम, यूक्रेन ने कर दिया बैन; बोला- रूस जासूसी कर रहा
2. महाराष्ट्र में BJP को बड़ा झटका, कांग्रेस में शामिल हो गए अशोक चव्हाण के 3 करीबी
3. लेबनान में पेजर ब्लास्ट का क्या है केरल कनेक्शन? 15 साल से चल रही थी तैयारी
4. पीएम मोदी यूएस के लिए रवाना; क्वाड शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग
5. Rajasthan: 'शिक्षा मंत्री पलटूराम' यह पोस्ट करके फंसा कर्मचारी, अब कर्मचारियों के सोशल अकाउंट पर सरकार की नजर
6. दरिंदगी के 7 घंटे: पानी पीते ही लड़की हुई बेहोश, फिर तीन दरिंदों ने की हैवानियत; घटना याद कर कांप रही पीड़िता

# 'मप्र में 1 अक्टूबर को किसान संगठनों का चक्काजाम'

## एमएसपी आंदोलन पर किसान संगठनों में ठनी, टिकैत बोले-हम जाम में शामिल नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मप्र में सोयाबीन के दाम 6 हजार से 8 हजार रुपए प्रति क्विंटल किए जाने को लेकर अलग-अलग किसान संगठन और राजनैतिक दल आंदोलित हैं। बीते बुधवार को भोपाल के एमएलए रेस्ट हाउस में हुई किसान संगठनों की बैठक में एक अक्टूबर को मप्र के सभी हाईवे पर चक्काजाम करने का ऐलान किया गया था। इसे संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से आयोजित बंद बताया गया था। इस बंद को लेकर किसान संगठनों में ही ठन गई है।

18 सितंबर को भोपाल में संयुक्त किसान मोर्चा के नाम से हुई बैठक में 36 संगठनों के शामिल होने का दावा किया गया। इस बैठक में यह तय हुआ कि 1 अक्टूबर को गांवों से लेकर नगरों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों पर चक्काजाम किया जाएगा। इस ऐलान के बाद डॉ सुनीलम की मौजूदगी में संयुक्त किसान मोर्चा के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने वीडियो जारी कर इस जाम में शामिल होने से इनकार किया है।

### टिकैत बोले- 1 अक्टूबर के बंद में SKM शामिल नहीं

संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने वीडियो जारी कर कहा- मप्र में सोयाबीन के आंदोलन के संबंध में कुछ लोगों ने यह घोषित कर दिया है कि 1 अक्टूबर को चक्काजाम होगा। लेकिन, उसमें संयुक्त किसान मोर्चा शामिल नहीं होगा। संयुक्त मोर्चे ने यह निर्णय लिया है। हमारे जो घटक दल हैं वो इस बंद और चक्काजाम में शामिल नहीं होंगे। संयुक्त मोर्चे के घटक दलों में और हमारे आंदोलन में डॉ सुनीलम, अनिल यादव और बहुत सारे संगठन, बहुत सारे घटक दल हैं। उनका ये फैसला नहीं हैं।



### पॉलिटिकल लोग अलग मूवमेंट चलाएं

टिकैत ने कहा- कुछ पॉलिटिकल लोग इस मूवमेंट में हैं वे अपना मूवमेंट अलग चलाएं। वे किसान संगठनों के साथ मूवमेंट ना चलाएं। उससे भ्रम की स्थिति पैदा होती है। पॉलिटिकल लोगों का मकसद ये होता है कि उनको कैसे फायदा होगा। लेकिन, किसान मोर्चे, भारतीय किसान यूनियन के जो घटक दल हैं उनका आंदोलन चल रहा है।

### सोयाबीन की MSP बढ़ाए सरकार

टिकैत ने कहा- हमने डिमांड की है। कि साढ़े तीन हजार रुपए प्रति क्विंटल से 4 हजार रुपए क्विंटल सोयाबीन की खरीद हो रही है। मप्र में 48 सौ रूपए क्विंटल एमएसपी है 12 साल पहले ये रेट हुआ करते थे। पांच-छह साल पहले आठ दस हजार रुपए क्विंटल सोयाबीन बिकी है। रेट कम हैं सरकार तुरंत संज्ञान ले और रेट बढ़ाने का काम करे। 1 अक्टूबर को हमारा संयुक्त मोर्चा का बंद का कोई कार्यक्रम नहीं हैं।टिकैत बोले- मप्र में जब किसान बुलाएंगे तब आ जाउंगा। संयुक्त किसान मोर्चा मप्र के प्रभारी और पूर्व विधायक डॉ सुनीलम ने टिकैत से कहा- मप्र में सोयाबीन के दाम 6 से 8 हजार रुपए प्रति क्विंटल की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। आपको (राकेश टिकैत) को बुलाने की मांग हो रही है। सुनीलम की बात पर राकेश टिकैत ने कहा- मप्र में जब भी वहां के किसान, संयुक्त किसान मोर्चा बुलाएगा जहां प्रोग्राम रखेंगे हम वहां पर आएंगे। किसान मोर्चे, संयुक्त मोर्चे के कार्यालय से ले सकते हैं। हम मप्र के किसानों के बीच में हैं आगे भी रहेंगे।

### संयुक्त किसान मोर्चा के नाम से हुई थी भोपाल में बैठक

संयुक्त किसान मोर्चा मप्र के सदस्य इरफान जाफरी ने राकेश टिकैत के बयान के बाद कहा- मप्र के किसान सोयाबीन के दाम 6 हजार की मांग को लेकर गांव-गांव में आंदोलन कर रहे हैं। गांव में पंचायत सचिव को सात-आठ हजार पंचायतों में ज्ञापन दिए। किसानों ने तहसील और जिला स्तर पर 38 ट्रैक्टर रैली की। आंदोलन को और गति देने के लिए 18 सितंबर को संयुक्त किसान मोर्चे की भोपाल में हुई जिसमें 36 संगठनों ने भाग लिया।

### कुछ पॉलिटिकल लोग आंदोलन को हाईजैक करना चाहते हैं

जाफरी ने बताया कि 18 सितंबर की बैठक में यह निर्णय हुआ कि इस आंदोलन को गति देने के लिए भाव दो आंदोलन शुरु किया जाए। इसके तहत 24 सितंबर से 30 सितंबर तक गांवों में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। और 1 अक्टूबर को गांवों और नगरों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों पर चक्काजाम किया जाएगा। इस आंदोलन को हाइजैक करने के उद्देश्य से कुछ राजनैतिक महत्वाकांक्षी लोग जो इसका नेतृत्व करना चाहते थे। 36 किसान संगठनों ने उसे खारिज कर दिया। ये लोग दिल्ली जाकर संयुक्त किसान मोर्चा के लोगों को अपनी राजनीतिक इच्छापूर्ति के लिए भ्रमित करने का काम कर रहे हैं।

### इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ की 41वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

# दुग्ध समितियों एवं दुग्ध प्रदायकों के हित में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

**इंदौर।** इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ की आज 41वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता दुग्ध संघ के अध्यक्ष श्री मोतीसिंह पटेल ने की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दीपक शर्मा द्वारा संचालक मण्डल के समस्त संचालकगणों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। दुग्ध संघ के अध्यक्ष श्री मोतीसिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में बताया कि दुग्ध संघ का वर्ष 2023-24 का वार्षिक टर्न-ओवर 658.00 करोड़ रूपये रहा है, जो आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना अनुसार टर्न-ओवर 725.00 करोड़ रूपये होना संभावित है। दुग्ध संघ द्वारा वर्ष 2023-24 में 1309.00 लाख रूपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ ही एक ऐसा शीर्ष सहकारी उपक्रम है, जो वर्ष 2013-14 से लगातार अपनी दुग्ध समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादक सदस्यों को लाभांश एवं बोनस का वितरण कर रहा है। साथ ही दुग्ध संघ की बहुप्रतिक्षित सॉची दुग्ध उत्पादक चिकित्सा सहायता योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ कर दिया गया है। दुग्ध संघ के मुख्य संयंत्र परिसर में 30 मेट्रिक टन क्षमता के नवीन दुग्ध पावडर संयंत्र की स्थापना का कार्य एच.एम.टी कंपनी द्वारा पूर्ण कर लिया गया है एवं इसका संचालन नवम्बर 2024 में प्रारम्भ किया जायेगा।




दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दीपक शर्मा द्वारा दुग्ध संघ प्रतिनिधियों के समक्ष वार्षिक साधारण सभा की विषय सूची रखी गई। जिसका सदस्यों द्वारा सर्वानुमति से अनुमोदन किया गया। श्री पटेल द्वारा दुग्ध संघ संचालक मण्डल एवं दुग्ध सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों की सर्वानुमति एवं सहमति से विभिन्न घोषणाएं की गई। जिसमें दुग्ध समितियों के दुग्ध क्रय दर में 40 रूपये प्रतिकिलो फैट की वृद्धि करते हुए दूध क्रय दर राशि 770 रूपये प्रतिकिलो फैट भुगतान किया जायेगा। दुग्ध प्रदायक सदस्य की मृत्यु पर उनके वारिस को दी जा रही अनुग्रह राशि 10000 रूपये से बढाकर 20000 रूपये की गई। दुग्ध समितियों को दिये जा रहे कमीशन 10.00 रूपये प्रतिकिलो फैट को बढाकर 12.00 रूपये प्रतिकिलो फैट किया गया। दुग्ध समितियों द्वारा नवीन आटोमेटिक मिल्क कलेक्शन यूनिट क्रय करने पर 25 प्रतिशत राशि दुग्ध संघ स्तर से वहन की जायेगी। साधारण सभा में सर्वानुमति से प्रस्ताव पारित किया गया की इंदौर सहकारी दुग्ध संघ लगातार लाभ की स्थिति में चल रहा है इसलिए इसे राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को नहीं दिया जाए। दुग्ध समितियों की एम सी संचालन व्यय 50 पैसे प्रति लीटर से बढ़ाकर 60 पैसे प्रति लीटर दिया जाएगा।

वार्षिक साधारण सभा को संचालकगण श्री तंवर सिंह चौहान, श्री रामेश्वर गुर्जर, श्री विक्रम मुकाती, श्री ओम परसावदीया, श्री खेमराज पाटीदार, डॉ. शुभांकर नंदा , श्री उमरावसिंह मौर्य द्वारा भी संबोधित किया गया। वार्षिक साधारण सभा में 18 सर्वश्रेष्ठ दुग्ध समितियों एवं सर्वाधिक दूध विक्रय करने वाले 05 वितरकों को प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर संचालकगण श्री कृपालसिंह सेंधव, श्री प्रहलादसिंह पटेल, श्री रामेश्वर रघुवंशी, श्री राजेन्द्रसिंह पटेल, श्री किशोर परिहार, श्री महेन्द्र चौधरी, श्री जगदीश जाट, श्री सुरेश पटेल एवं एमपीसीडीएफ भोपाल प्रतिनिधि श्री अजय शाह, श्री महेन्द्रपाल सिंह, श्री घनश्याम पाटील, श्री बलिराम पाटीदार, श्री कमल रघुवंशी, श्री महेश पटेल एवं दुग्ध संघ के अधिकारी व कर्मचारिगण उपस्थित रहे। सभा का संचालन श्री आर.पी.एस.भाटिया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. चिरंजीव चौहान द्वारा किया गया।

# सितंबर माह में इस बार डेढ़ इंच बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बारिश का मौसम इस बार इंदौर का कोटा पुरा नहीं कर पाया और अब मानसून भी विदाई की तरफ बढ़ रहा है। अब तक इंदौर में 31 इंच बारिश ही हो पाई है, जबकि औसत 40 इंच बारिश इंदौर में होती है। सितंबर में बंगाल की खाड़ी से चार चक्रवात सक्रिय हुए, लेकिन राजस्थान की तरफ ज्यादा बारिश हुई और मध्य प्रदेश में आकर सिस्टम कमजोर पड़ गए।पिछले साल मानसून में सबसे ज्यादा बारिश सितंबर माह में इंदौर में हुई थी। 16 सितंबर को इंदौर में बारिश ने 61 साल का रिकार्ड तोड़ा था। 24 घंटे में दस इंच बारिश हुई थी। उससे पहले वर्ष 1962 में छह इंच बारिश एक दिन में हुई थी। इस बार इंदौर में 20 सितंबर तक सवा इंच बारिश हुई है। शुक्रवार को आसपास में बादल छाए है, हल्की बूंदाबांदी भी हो रही है, लेकिन शहर में झमाझम बारिश का दौर नहीं चला। सितंबर माह सूखा रहने के कारण इंदौर में इस सीजन में अब तक 31 इंच बारिश ही दर्ज हो पाई है। इंदौर में बारिश का कोटा पूरा नहीं हो पाने की वजह से इंदौर के सभी तालाब नहीं भर पाए है। शहर के बड़े हिस्से की प्यास बुझाने वाला यशवंत सागर तालाब जरुर भर गया और इस सीजन में उसके दो गेट इस बार खोले गए, लेकिन इस तालाब का केचमेंट एरिया भी मानपुर और देपालपुर की तरफ है। वहां अच्छी बारिश हुई।इस तालाब से शहर की छह टंकियों में प्रतिदिन 30 एमएलडी पानी भरा जाता है,लेकिन बिलावली, सिरपुर, लिंबोदी जैसे तालाब अभी पूरे नहीं भर पाए।

# एक दिवसीय रोजगार मेला 27 सितंबर को

### निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 350 युवाओं को दिलाई जायेगी नौकरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर युवाओं को रोजगार से जोडने के लिए लगातार रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे है। इसी सिलसिले में इन्दौर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 27 सितंबर 2024 शुक्रवार को किया जायेगा। यह मेला सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास) 10 पोलोग्राउन्ड इन्दौर में आयोजित किया जा रहा है।

उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जिनमें बी.एस.एस. स्माल फाईनेन्स, श्याम टाटा मोटर्स, शैफाली बिजनेस सोल्यूशन, एस.बी.आई. लाईफ, जॅस्टडॉयल, सेमली फूड (उत्साह), एस.जी.एस. सिक्यूरिटी, आदि के लगभग 350 से अधिक विभिन्न पदों जिसमें प्रबन्धक, लेखापाल, सेल्स एक्जिकिटिव, टेलीकॉलर, मोबलाईजर, टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैक आफिस, ड्रायवर, सुरक्षा गार्ड, हैल्पर आदि पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनीयों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की आठवीं से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में पास आवेदक एवं तकनीकी योग्यता के आवेदक भी उक्त पदों हेतु रोजगार मेले में भाग लेकर योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडाटा की प्रतियाँ एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों के साथ उपस्थित हो। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से रोजगार के सुअवसर का लाभ लेने का आह्वान किया है।

# शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु वित्तीय सहायता योजना अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर, डोलोमाईट तथा लौह-मैंगनीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत बच्चों को कक्षा 1 से उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर एक हजार रुपये से 25 हजार रुपये तक छात्रवृति दी जायेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholarships.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की तिथि बढ़ाकर अब प्री मेट्रिक की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2024 की गई है। इसी तरह पोस्ट मेट्रिक हेतु अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रवृति हेतु आवेदन करने के लिए ओटीआर (One Time Registration) एवं फेस ओथेंटिकेशन प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। आवेदन की पात्रता एवं अन्य जानकारी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों को स्पष्ट और पठनीय स्थिति में स्कैन कर अपलोड करना होगा। विद्यार्थियों से कहा गया है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात अपने शिक्षण संस्थान में संपर्क कर अपने आवेदन को स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholarships.gov.in) के माध्यम से ही सत्यापित करवाना सुनिश्चित करें। बिना सत्यापित आवेदनों पर ही विचार नहीं किया जायेगा। यह सलाह दी गई है कि यदि पोर्टल पर प्रदर्शित अन्य विभागों द्वारा छात्रवृत्ति की अधिक राशि प्रदान की जाती है तो ऐसे छात्र-छात्राएं संबंधित विभाग की छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर सकते हैं।

# आईटीआई में एडमिशन हेतु रजिस्ट्रेशन तथा चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 30 सितंबर तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) मानपुर में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 30 सितंबर तक आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन, चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। यह प्रक्रिया www.dsd.mp.gov.in पर MP ONLINE कियोस्क सेंटर या शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मानपुर इंदौर में उपस्थित होकर की जा सकती है। प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वी पास है। संस्था में संचालित व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, कोपा एवं वेल्डर ट्रेड में प्रवेश दिया जायेगी। विस्तृत जानकारी के लिए संस्था के श्री दशरथ वाखला (9993281049) तथा श्री रोहित नायर (9009169689) से संपर्क किया जा सकता है।

# विज्ञान विषय पढ़ाने वाले युवाओं से बुलाये गए आवेदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के खंडवा रोड़ पर स्थित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय मोरोद में 10वीं से 12वीं तक के बच्चों को विज्ञान विषय की निःशुल्क कोचिंग दी जायेगी। इन बच्चों को कोचिंग देने के लिए विज्ञान विषय पढ़ाने वाले युवाओं से आवेदन मंगाये गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, उच्च गणित, गणित, जीव विज्ञान, अंग्रेजी पढ़ाने के इच्छुक युवा 27 सितंबर तक मोरोद स्थित विद्यालय में आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी भी इसी विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# सहेली के साथ जा रही निजी कंपनी कर्मचारी युवती से लूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजय नगर इलाके में सहेली के साथ शॉपिंग माल से निकलकर घर जा रही निजी कंपनी की कर्मचारी युवती के साथ लूट की वारदात हो गई। आरोपी बाइक सवार उसके गले से सोने की चेन झपट कर ले गए। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है।**

विजय नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना मेघदूत चौपाटी के पास शिवा चाय के आगे मेन रोड, विजय नगर की है। हीरा नगर में किराये रहने वाली नेहा पुत्री गोविंदलाल गुप्ता, निवासी उत्तर प्रदेश ने बताया कि वह अपनी सहेली पायल के साथ रात में जूडियो शॉपिंग मॉल से एक्टिवा से घर जा रही थी। बाइक सवार बदमाश उनकी एक्टिवा के पीछे आए। पीछे बैठे लड़के ने गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन झपट कर तेजी से बाइक भगाकर ले गए। बाइक सवार पीछे बैठे लड़के ने ब्लैक रंग की शर्ट पहनी थी। युवती के मुताबिक जल्दबाजी में वह बाइक के नंबर नहीं देख पाई। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता को गुरुवार को बुलाकर केस दर्ज कर लिया।

# तीन दिन से लापता 4 साल के बच्चे का शव मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तीन दिन से लापता 4 साल के बच्चे का शव मिल गया है। एसडीईआरएफ की टीम उसे दो दिन से तलाश कर रही थी। इसी बीच शुक्रवार को एमआर-10 नाले में बच्चे का शव पड़ा मिला। बच्चे के पिता ने उसे ढूंढकर लाने वाले को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की थी।

बाणगंगा पुलिस ने बताया कि भागीरथपुरा से किशू (4) पिता राहुल बागवान खेलते-खेलते लापता हो गया था। वह परिवार के साथ धार से इंदौर एक प्रोग्राम में आया था। परिवार ने उसके अपहरण की आशंका जताई थी। पुलिस ने भी अपहरण के एंगल पर जांच कर रही थी। पुलिस ने अनंत चतुर्दशी की



झांकी के चलते बाहर से आकर खिलौने और अन्य सामान बेचने वाले लोगों के डेरे में जाकर पूछताछ और सर्चिंग की थी। लेकिन सफलता नहीं मिली। किशु अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता राहुल बागवान बैंक में नौकरी करते हैं। उन्होंने बच्चे को ढूंढ कर लाने वाले या जानकारी देने वाले को 1 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा कर दी थी। किशू के बाणगंगा में रहने वाले रिश्तेदारों के घर के पीछे नाला है। किशू के इस नाले में भी गिरने की आशंका जताई जा रही थी। इसे लेकर एसडीआरएफ की एक टीम वहां लगाई गई थी। लेकिन बच्चे का पता नहीं चला।

### फर्जी कॉल भी आया था

पुलिस ने गुरुवार को एसडीआरएफ की मदद से नाले में सुखलिया तक छानबीन करवा ली। पुलिस के अनुसार कुछ लोग सूचना के नाम पर फर्जी कॉल भी लगा रहे हैं। बुधवार को एक व्यक्ति ने राहुल को कॉल कर कहा कि बच्चा शाजापुर में पुलिस चौकी पर है। पुलिस तत्काल शाजापुर रवाना की लेकिन बच्चा नहीं मिला। कॉल लगाने वाले युवक के स्वजन ने कहा कि वह मानसिक रूप से बीमार है। उसने कुछ दिनों पूर्व घर में भी आग लगा दी थी।

## अलग-अलग घरों को बदमाशों ने बनाया निशाना

### ताला-तोड़ सोने-चांदी के जेवर सहित रुपए पर हाथ साफ किया,केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शहर में चोरों के हौसले बुलंद है। लसूडिय़ा थाना क्षेत्र के अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए बदमाश सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी चुरा ले गए। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लसूडिय़ा थाना पुलिस के अनुसार अज्ञात बदमाश विक्रम सिंह निवासी श्रीनाथ गोल्ड के घर का ताला तोडक़र सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी चुरा ले गए। घर वाले बाहर गए हुए थे। चोरी की सूचना पड़ोसी ने दी। मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाल पुलिस आरोपियों का पता लगाने में जुटी है। इसी तरह लसूडिय़ा थाना पुलिस के अनुसार फरियादी सोनिया राज सूद उम्र 66 साल के हरेकृष्ण विहार स्थित घर में बदमाश घुसे। घर का ताला तोडक़र बदमाश एक टीवी, एक आरओ, दो कुर्सियां, पेंटिंग्स, तीन गोल्डन लेम्प सेट्स और अन्य घरेलू इस्तेमाल का सामान चुरा ले गए।

**1 लाख रुपए चुरा ले गए**- सराफा थाना पुलिस के अनुसार फरियादी हैदर अली उम्र 47 साल निवासी राममार्ग कुंजडा बाखल की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को फरियादी ने बताया कि वो रात को परिवार के साथ बाहर घूमने गया था। अज्ञात बदमाश घर में घुसकर अलमारी का ताला तोडक़र 1 लाख रुपए सहित सोने के आभूषण चुरा ले गए।

## 11 के स्टूडेंट ने किया सुसाइड

### परिवार को मैसेज कर युवक ने भी लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एबी रोड के पास स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स में 11वीं के छात्र ने सुसाइड कर लिया। छात्र का नाम विनायक मिश्रा है। मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। मामले में पुलिस जांच में जुटी है।**

वहीं इंदिरा नगर में रहने वाले एक युवक ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसने अपने बड़े भाई को मैसेज भेजा। परिजन मैसेज देखते उसके पहले उसने मौत को गले लगा लिया। पुलिस थाना छत्रीपुरा अंतर्गत इंदिरा नगर में रहने वाले युवक ने शनिवार सुबह आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार युवक का नाम अमित राठौर उम्र 30 साल है। सुसाइड से पहले अमित ने अपने भाई को सुबह 5.30 बजे मैसेज किया था। बड़े भाई रवि राठोर ने बताया कि मैसेज में लिखा मेरी प्रॉब्लम का एक ही हल है, ऐसा मेरे महाकाल ने कहा है। इसकी बाद फांसी लगा ली। टॉवेल बांधकर फांसी लगाई थी। मम्मी सुबह 6 बजे उठी तो उन्होंने अमित को फंदे पर लटके हुए देखा। मां ने घर के अन्य लोगों को घटना की जानकारी दी। अमित कम्प्यूटर टाइपिंग का काम करता था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। **सिरपुर तालाब में मिली महिला की लाश**- वहीं अज्ञात 35-40 वर्षीय महिला की लाश सिरपुर तलाब में शनिवार को तैरती मिली। चंदन नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है। अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस महिला की पहचान करने में जुटी है।

## तीन ड्रग्स पेडलर पकड़ाए

**इंदौर।** आजाद नगर पुलिस ने तीन ड्रग्स पेडलरों को पकडक़र उनके कब्जे से लाखों रूपए की ब्राउन शुगर बरामद की है। जोन-1 में डीसीपी विनोद कुमार मीणा के नेतृत्व में आपरेशन ईगल क्ला चलाकर लगातार पेडलरों की धरपकड़ की जा रही है। डीसीपी के निर्देश पर एसीपी आशीष पटेल और आजाद नगर थाना प्रभारी नीरज मेढा ने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया और इस दौरान पुलिस टीम ने जगदीश उर्फ पंडित पिता शिवलाल बकोरिया निवासी शिवदर्शन नगर मूसाखेड़ी,विकास उर्फ गोलू पिता प्रभूलाल यादव निवासी मित्रबंधु नगर और लखन पिता घनश्याम होलकर निवासी मित्रबंधु नगर को गिर तार कर उनके कब्जे से &4.87 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है जिसकी कीमत करीब साढे तीन लाख रूपए बताई जा रही है।

**आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही**

# दो मामलों में पौने 6 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अवैध विदेशी मदिरा जब्त

## एक चार पहिया वाहन भी किया गया जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग के द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में विगत दिवस दो मामलों में पौने 6 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अवैध विदेशी मदिरा जप्त की गई तथा एक चार पहिया वाहन भी जप्त किया गया।**

सहायक आयुक्त आबकारी श्री मनीष खरे ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर आरोपी राहुल पिता मानसिंह उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम खुरदा थाना मानपुर तहसील महू इन्दौर की किराना दुकान की तलाशी ली गई। इस दौरान 30 नग केन बोल्ट बियर (500 एम.एल.), 60 नग गोआ व्हिस्की के पाव (180 एम.एल.), 60 नग लन्दन प्राइड व्हिस्की पाव (180 एम.एल.), 50 नग मैकडोवेल रम पाव (180 एम.एल.) एवं 50 नग मैकडोवेल व्हिस्की



(180 एम.एल.) कुल 54.6 बल्क लीटर अवैध मदिरा कीमत 40 हजारर 950 जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया। एक अन्य प्रकरण में उमेश पिता बालू निवासी कनेरिया थाना मानपुर तहसील महू इन्दौर के मकान की तलाशी ली गई। इस दौरान आरोपी फरार हो गया। उसका वाहन पंजीयन क्रमांक एम.पी.09 एस.सी.9093 की पिछली सीट पर रखी 05 पेटी बोल्ट बियर एवं 56 बियर पेक खुली बियर कुल नग 176 (500 एम.एल.) दो खुली पेटियों में, 07 नग (180 एम.एल.) गोआ व्हिस्की, 04 नग (180 एम.एल.) मैकडोवेल रम तथा 14 नग (180 एम.एल.) लंदन प्राइड व्हिस्की अवैध मदिरा जप्त की गई। प्रकरण में महिन्द्रा एसयूवी-500 पंजीयन क्रमांक एम.पी.-09 एस.सी.- 9093 जप्त की गई। उक्त प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत कायम किया गया है। दोनों प्रकरणों मे विवेचना जारी है।

## पिता पर दबाव डालकर बार-बार मंदिर आने के लिए कहता था

### मंदिर के पुजारी पर छात्रा ने रेप का केस दर्ज कराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **तेजाजी नगर में मंदिर के पुजारी पर छात्रा ने रेप का केस दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी मेरे पिता पर दबाव डालकर मुझे बार-बार मंदिर आने के लिए कहता था। पिता ने बेटी को मंदिर जाने के लिए कहा तब उसने पुजारी की हरकतों के बारे में बताया।**

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक 21 साल की युवती ने इलाके के एक मंदिर के पुजारी हरिचरण दास (35) पर रेप का केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह बीकॉम की स्टूडेंट है। 15 मई की सुबह वह तेजाजी नगर में मंदिर पर पूजा करने पहुंची। उस समय मंदिर में कोई नहीं था। मंदिर का पुजारी अकेला बैठा था। इस दौरान वह आया और पकड़कर मंदिर में बने अपने कमरे में ले गया। यहां जबरदस्ती की और धमकी दी कि किसी को बताया तो ठीक नहीं होगा। घर वालों को जान से मार देगा। घटना के बाद पीड़िता काफी डर गई। इसके बाद मंदिर जाना बंद कर दिया। पिता जब मंदिर गए तो उन्हें पुजारी ने कहा कि अपनी छोटी बेटी को कहा करो की मंदिर आए। नहीं तो उसका नुकसान हो जाएगा। इसके बाद छात्रा के पिता ने उसे मंदिर जाने के लिये कहा। तब छात्रा ने बताया कि वह पंडित की इस हरकत के चलते दोबारा मंदिर नहीं गई। बाद में परिवार के लोग छात्रा को लेकर थाने पहुंचे ओर केस दर्ज करा दिया।

## युवक पर कातिलाना हमला

इंदौर। ग्राम कनाडिय़ा में एक युवक पर आरोपी ने कैंची मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि आरोपी और घायल युवक साथी है। वह बाइक से कनाडिय़ा जा रहे थे। इस दौरान आरोपी अपने एक अन्य साथी से झगडऩे लगा। युवक ने समझाना चाहा तो आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। राजेश वर्मा पिता बाबूलाल वर्मा (&5) निवासी विनायक नगर खजराना की शिकायत पर अरविंद पांचाल के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। राजेश वर्मा और उसके दोस्त रमेश एवं अरविंद तीनों मोटर साइकिल पर बैठकर कनाडिय़ा गांव जा रहे थे। रास्ते में रमेश और अरविंद का विवाद हो रहा था। वह करूणा सागर अपार्टमेंट के पास राजेश लघुशंका के लिए उतरा। तब भी रमेश व अरविंद आपस में रूपयों को लेकर विवाद कर रहे थे। राजेश ने उन दोनों को समझाया तो आरोपी अरविंद ने उसके साथ में गाली गलौज करना शुरू कर दिया। राजेश ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने अपनी मोटर साइकिल में रखी धारदार कैंची निकाली और जान से मारने की नीयत से राजेश की सीने पर वार कर दिया। जिससे चोट आकर खून निकलने लगा।

कांग्रेस ने प्रदेश भर में निकली किसान न्याय यात्रा

# सभी बड़े नेता अलग-अलग शहरों में हुए शामिल, पुलिस ने रोका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस किसानों को लेकर शुक्रवार को प्रदेश भर में किसान न्याय यात्रा निकाली खास बात यह रही कि मध्य प्रदेश कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता इस यात्रा में अलग-अलग जिलों में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और एक्स सीएम दिग्विजय सिंह इंदौर में यात्रा का नेतृत्व किया। वहीं कमलनाथ और नकुलनाथ ने छिंदवाड़ा से यात्रा को हरी झंडी दिखाई। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने धार में शामिल हुए। भोपाल में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह यात्रा में शामिल हुए। इसी प्रकार कांग्रेस की सभी दिग्गज नेता अलग-अलग जिलों में ट्रैक्टर में बैठकर यात्रा में शामिल हुए। राजधानी भोपाल में रातीबड़ क्षेत्र अन्तर्गत नीलबड़ तिराहा साक्षी ढाबा से किसान न्याय यात्रा निकाली गई। रातीबड़ क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। यात्रा को सूरज नगर तिराहे भदभदा पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया।



### राजधानी में बुलडोजर से रोकी कांग्रेस की रैली

भोपाल में रातीबड़ से आगे बढ़े प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने सूरज नगर तिराहे पर रोक लिया। खास बात ये है कि पुलिस ने कांग्रेस की रैली को रोकने के लिए यहां दो बुलडोजर खड़े कर दिए। कांग्रेस की इस यात्रा में करीब 150 से ज्यादा ट्रैक्टर शामिल रहे। बाद में कांग्रेस ने यहीं पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। साथ ही सोयाबीन का पौधा भी दिया। भोपाल में कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को ज्ञापन से साथ ही सोयाबीन का पौधा भी सौंपा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के नेतृत्व में भोपाल में किसान न्याय यात्रा निकली। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विधायक आतिफ अकील, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इस यात्रा में पहुंचे। यात्रा को सूरज नगर तिराहे भदभदा पहुंचने पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इससे ट्रैक्टर रैली लेकर आने वाले किसान व कांग्रेस कलेक्ट्रेट तक नहीं पहुंच सकें।कांग्रेस ने प्रदेश भर में निकली किसान न्याय यात्रा, सभी दिग्गज नेता अलग-अलग शहरों में हुए शामिल भोपाल में बैरिकेडिंग कर कलेक्ट्रेट जाने से रोका।

### इन मांगों को लेकर निकली यात्रा

कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में यह न्याय यात्रा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने, खाद-बीज और बिजली की समस्या दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर निकाली। कांग्रेस किसानों को सोयाबीन का समर्थन मूल्य छह हजार रुपये, गेहूं का 2,700 और धान का 3,100 रुपये प्रति क्विंटल दिलाने की मांग की।

### 10 हजार ट्रैक्टर शामिल होने का दावा

कांग्रेस के संगठन प्रभारी राजीव सिंह का कहना है कि पूरे प्रदेश में करीब 10 हजार ट्रैक्टर कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा में शामिल हुए हैं। जिलों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश भर में करीब डेढ़ लाख लोग प्रदर्शन में शामिल हुए हैं।

## सागर में नगर पालिका उपाध्यक्ष की कार पर फायरिंग

### पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर के उपनगर मकरोनिया में मकरोनिया नगर पालिका की उपाध्यक्ष मीनाक्षी विजय गौतम के घर के बाहर खड़ी कार पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज सुन क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों के बाहर आए, जहां देखा तो कार के शीशे पर गोली लगी थी।**

घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

मकरोनिया नगर पालिका के वार्ड 5 में रहने वाली नगर पालिका उपाध्यक्ष मीनाक्षी विजय गौतम शुक्रवार सुबह परिवार के साथ अपने घर पर थी। अचानक घर के बाहर गोली चलने की आवाज सुनाई दी। उनके पति विजय गौतम और परिवार के अन्य सदस्य बाहर आए। घटना देख उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। कैमरे में दो बाइक सवार बदमाश कार पर गोली चलाते हुए नजर आए।

गोली लगने से कार का शीशा क्षतिग्रस्त हुआ है। नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय गौतम ने थाने पहुंचकर शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें लगाईं। टीम ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को हिरासत में लिया है, जिनसे घटनाक्रम के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## कुएं में मिला लापता महिला व तीन साल की बेटी का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास।** उदयनगर थाना क्षेत्र के दूरस्थ अंचल के गांव देवझिरी में एक महिला व उसकी तीन साल की बेटी का शव शुक्रवार को एक कुएं से मिला। मामले में महिला के मायके वालों ने ससुरालवालों पर मारकर फेंकने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के मायके वालों ने शवों को बाहर नहीं निकालने दिया और मौके से गायब ससुरालवालों को बुलाने की जिद पर अड़े रहे, देर शाम तक शव नहीं निकाले जा सके थे, मौके पर पुलिस बल तैनात है।

उधर मायके वालों ने शव निकलने का विरोध किया और कहा जब तक जीवन व उसके





स्वजन नहीं आते तब तक शव को कुंए से बाहर नहीं निकालेंगे। शाम 6 बजे तक जीवन का रास्ता देखा गया लेकिन वो नहीं आया। रात होने के कारण ममता के स्वजन चले गए। थाना प्रभारी भगवानसिंह बीरा ने जीवन के स्वजनों की तलाश के लिए पुलिस दल भेजा, शाम सात बजे जीवन एवं उसके साथी को थाने लाया गया। रात होने के कारण शव कुएं से नहीं निकाले गए। शनिवार सुबह ममता के स्वजनों के समक्ष मां-बेटी का शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए इन्दौर भेजे जाएंगे। उधर देवझिरी में स्थिति तनावपूर्ण होने के कारण उदयनगर, बागली, कांटाफोड़ से पुलिस को तैनात किया गया। महिला की ससुराल में तोड़फोड़ भी की गई है। थाना प्रभारी बीरा ने बताया शवों की स्थिति खराब नजर आ रही है। इन्दौर में डाक्टर की पेनल के द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाएगा, उसके बाद ही हत्या या आत्महत्या की पुष्टि हो पाएगी। मौके पर पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। ममता के भाई बबलू ने बताया मेरा जीजा बहन के साथ बहुत मारपीट करता था। सितम्बर 2023 में मेरी बहन के दोनों पैर तोड़ दिए थे। बाद में वरिष्ठों ने कहा था जीवन अब ऐसा नहीं करेगा, बहन को वापस भेज दो। हम जीवन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट भी दर्ज कराने वाले थे लेकिन बहन ने मना कर दिया था। जीवन का गांव में किसी लड़की से सम्बन्ध है इसलिए मेरी बहन के साथ मारपीट की जाती थी। मेरी बहन ने आत्महत्या नहीं की, ससुरालवालों ने मारकर कुएं में फेंक दिया है। मेरी बहन मंगलवार से गायब है जिसकी गुमशुदगी उदयनगर पुलिस थाना में दर्ज है। कुआं घर के पास ही है, शव तीन दिन के बाद दिखा है।

## कमलनाथ के बंगले में जिला पंचायत अध्यक्ष को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के शिकारपुर में परासिया विधानसभा की समीक्षा के दौरान पूर्व सीएम कमलनाथ के सामने परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि ने जिला पंचायत सदस्य संजय पुनाहर की पिटाई कर दी। दरअसल, कमलनाथ ने आज परासिया विधानसभा की कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई थी। इस दौरान विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष भी बैठक में मौजूद थे।**

बता दें कि उसके बाद सोहन वाल्मीकि ने संजय पुन्हार पर भाजपा में शामिल होने





का आरोप लगाते हुए उनकी शैली पर सवाल उठाए। इसके बाद संजय कुमार ने उन्हें कुछ कह दिया। इतना सुनकर ही सोहन वाल्मीकि भड़क गए और संजय की पिटाई कर दी। इस दौरान मौके पर मौजूद गार्ड ने बीच बचाव किया। इस घटना के बाद परासिया विधायक मारपीट की घटनाक्रम के बाद सोहन वाल्मीकि कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। बल्कि वह सीधे कार्यक्रम को छोड़कर परासिया वापस लौट गए। इस बात को लेकर राजनीतिक हलके में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। विधायक सोहन वाल्मीकि चर्चा के दौरान बताया कि संजय लगातार भाजपा में शामिल होने का प्रयास करते नजर आए थे। इसके लिए वह सस्पेक्ट थे। इसी को लेकर मैंने विरोध किया था, इसके चलते उसने मुझसे अभद्रता की। संजय पुन्हार का कहना है कि राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते यह विवाद हुआ है। उन्होंने कहा कि सिर्फ झूमाझटकी हुई है।

## संपादकीय

# दिखी प्रशासन की नाकामी

बिहार के नवादा जिले में नरौरा के पास स्थित कृष्णा नगर की एक बस्ती में जिस तरह की अराजकता और आगजनी की घटना सामने आई है, उससे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि राज्य में सुशासन के कथित दावे की हकीकत आखिर क्या है! वहां जिस बस्ती पर एक भीड़ ने हमला कर कम से कम इक्कीस घरों को आग के हवाले कर दिया, वे दलित परिवारों के थे। घटना के बाद पुलिस की शुरुआती रपट में वहां के जिन दो पक्षों के बीच आपस में जमीन पर कब्जे को लेकर हुई हिंसा का संकेत दिया गया है, वह आगे की जांच-पड़ताल और कार्रवाई से स्पष्ट होगा कि इसके जिम्मेदार कौन हैं। मगर ऐसे मामलों में आमतौर पर पुलिस और प्रशासन की ओर से तब तक अनदेखी की जाती रहती है, जब तक घटना तूल न पकड़ ले। इस घटना पर भी राजनीति शुरू हो गई है और आरोपियों को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं, मगर निश्चित रूप से यह राज्य में कानून का राज कमजोर होने का सबूत है। इतना तय है कि नवादा में घरों में आग लगाने और हिंसा करने की घटना कोई अचानक नहीं हुई होगी। विडंबना यह है कि जमीन पर कब्जे या दावे को लेकर दो पक्षों में जब तक छोटे-मोटे टकराव या बहसें होती रहती हैं, तब तक पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई सुध नहीं ली जाती। मगर पुलिस की सक्रियता तब देखी जाती है, जब मामला आमतौर पर हाथ से निकल जाता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अक्सर अतीत की सरकारों का हवाला देकर यही दावा करते रहते हैं कि उन्होंने राज्य को अराजकता की आग से बाहर निकाला है और उनके राज में सुशासन कायम हुआ है। अफसोस की बात यह है कि राज्य में आपराधिक घटनाओं में ऐसी कोई उल्लेखनीय कमी नहीं देखी जा रही जिससे वहां कानून का राज कायम होने का संकेत मिले। नवादा की घटना में शामिल लोगों के भीतर यह खौफ क्यों नहीं था कि पुलिस उन्हें ऐसा करने से रोक सकती है या उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी? सच यह है कि राज्य में आए दिन होने वाली आपराधिक वारदात की बढ़ती जटिलता यह बताती है कि वहां सामाजिक रूप से कमजोर तबके असुरक्षित हैं और कानून-व्यवस्था बेहद कमजोर हालत में है।

## ॥ वेद ॥ वचन

ऋग्वेद सामवेद यजुर्वेद अथर्ववेद

अथर्ववेद.१९.१५.२०.)

**।। सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु ।।**

अर्थात- सब दिशाएं मेरे मित्र बन जाएं।

# आलसी ब्राह्मण



**एक बार की बात है, एक गांव में एक ब्राह्मण रहता था। वह सुबह उठता, नहाता, पूजा करता, खाना खाता और फिर सो जाता था। उसके पास किसी भी चीज की कमी नहीं थी। एक बड़ा खेत, खाना पका कर देने वाली एक सुन्दर-सी पत्नी और दो बच्चों का अच्छा परिवार था।**

सब कुछ होने के बाद भी ब्राह्मण के घरवाले एक बात से बहुत परेशान थे। वो बात यह थी कि ब्राह्मण बहुत आलसी था। वो कोई भी काम खुद नहीं करता था और दिन भर सोता रहता था।

एक दिन बच्चों का शोर सुनकर ब्राह्मण जाग गया और उसने देखा कि उसके दरवाजे पर एक साधु महाराज आए हैं। ब्राह्मण और उसकी पत्नी ने साधु महाराज का स्वागत किया और उन्हें भोजन कराया। भोजन के बाद ब्राह्मण ने साधु की खूब सेवा की।

साधु महाराज उनकी सेवा से बहुत प्रसन्न हुए और उन्हें वरदान मांगने को कहा। ब्राह्मण ने वरदान मांगा कि मुझे कोई भी काम न करना पड़े और मेरी जगह कोई और मेरा काम कर दे।

तब साधु उसे वरदान में एक जिन्न देते हैं और साथ में यह भी कहते हैं कि जिन्न को हमेशा व्यस्त रखना। अगर उसे काम नहीं दिया, तो वो तुम्हें खा जाएगा। वरदान पाकर ब्राह्मण मन ही मन बहुत खुश हुआ और साधु को आदर के साथ विदा किया।

साधु के जाते ही वहां एक जिन्न प्रकट हुआ। पहले तो ब्राह्मण उसे देखकर डर जाता है, लेकिन जैसे ही वो ब्राह्मण से काम मांगता है, तब ब्राह्मण का डर दूर हो जाता है और वो उसे पहला काम खेत जोतने का देता है।

जिन्न वहां से गायब हो जाता है और ब्राह्मण की खुशी का ठिकाना नहीं रहता। कुछ ही देर में जिन्न फिर आ जाता है और बोलता है कि खेत जोत दिया, दूसरा काम दीजिए। ब्राह्मण सोचता है कि इतना बड़ा खेत इसने इतनी जल्दी कैसे जोत दिया।

ब्राह्मण इतना सोच ही रहा था कि जिन्न बोलता है कि जल्दी मुझे काम बताओ नहीं तो मैं आपको खा जाऊंगा।

ब्राह्मण डर जाता है और बोलता है कि जाकर खेतों में सिंचाई करो। जिन्न फिर वहां से गायब हो जाता है और थोड़ी ही देर में फिर आ जाता है। जिन्न आकर बोलता है कि खेतों की सिंचाई हो गई, अब अगला काम बताइए।

ब्राह्मण एक-एक कर सभी काम बताता जाता है और जिन्न उसे चुटकियों में पूरा कर देता है। ब्राह्मण की पत्नी यह सब देख रही थी और अपने पती के आलसीपन पर चिंता करने लगी। शाम होने के पहले ही जिन्न सभी काम कर देता था। सब काम करने के बाद जिन्न ब्राह्मण के पास आ जाता और बोलता कि अगला काम बताइए, नहीं तो मैं आपको खा जाऊंगा।

अब ब्राह्मण के पास कोई भी काम नहीं बचा, जो उसे करने के लिए कह सके। उसे चिंता होने लगी है और वह बहुत डर जाता है।

जब ब्राह्मण की पत्नी अपने पती को डरा हुआ देखती है, तो अपने पती को इस संकट से निकालने के बारे में सोचने लगती है। वह ब्राह्मण से बोलती है कि स्वामी अगर आप मुझे वचन देंगे कि आप कभी आलस नहीं करेंगे और अपने सभी काम खुद करेंगे, तो मैं इस जिन्न को काम दे सकती हूं।


इस पर ब्राह्मण सोचता है कि पता नहीं यह क्या काम देगी। अपनी जान बचाने के लिए ब्राह्मण अपनी पत्नी को वचन दे देता है। इसके बाद ब्राह्मण की पत्नी जिन्न से बोलती है कि हमारे यहां एक कुत्ता है। तुम जाकर उसकी पूंछ पूरी सीधी कर दो। याद रखना उसकी पूंछ एकदम सीधी होनी चाहिए।

जिन्न बोलता है कि अभी यह काम कर देता हूं। यह बोलकर वह वहां से चला जाता है। लाख कोशिश के बाद भी वह कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं कर पाता और हार मान लेता है। हारकर जिन्न ब्राह्मण के यहां से चला जाता है। उस दिन के बाद से ब्राह्मण अपने आलस को छोड़कर सभी काम करने लगता है और उसका परिवार खुशी-खुशी रहने लगता है।

### कहानी से सीख

हमें कभी आलस नहीं करना चाहिए। आलस करने से हम मुसीबत में फंस सकते हैं। इसलिए, हमें आलस छोड़कर अपना काम खुद ही करना चाहिए।

## रंग भरो



## Gujarat

# खोल दी पटरी की फिश प्लेट, समय रहते सूरत के पास साजिश का पर्दाफाश

**वडोदरा, (एजेंसी) सूरत के पास वडोदरा जिले में रेलवे ट्रैक के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. यहां किसी अज्ञात ने फिश प्लेट और चाबी खोलकर अप ट्रैक पर रख दी. इससे बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन समय रहत डिप्टी स्टेशन सुपरिटेंडेंट की-मैन ने की-मैन सुभाष कुमार को अलर्ट किया. इसके बाद ट्रैक की जांच की गई और पाया गया कि किसी ने रेल को डिरेल करने के लिए यह साजिश रची थी. जानकारी मिलते ही ट्रेन की आवाजाही रोकी गई और ट्रैक को दुरुस्त किया गया. परिचालन फिर से शुरू कर दिया गया है.**



घटना सुबह 05:24 बजे की है, जब अलर्ट की मैन सुभाष कुमार को डिप्टी स्टेशन सुपरिटेंडेंट किम के माध्यम से सूचना मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने अप ट्रैक से फिश प्लेट और कुछ चाबी खोलकर अप ट्रैक पर रख दी है. यह घटना किमी 292/27-291/27 के बीच घटी.

जानकारी मिलते ही सुभाष कुमार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को चेताया और ट्रेन की आवाजाही रोकने का अनुरोध किया. ट्रेन संख्या 12910 उस समय आ रही थी उसे हरी झंडी दिखाकर रोक दिया गया. इसके बाद ट्रैक को दुरुस्त करने का काम शुरू किया गया. ट्रेन को केएसबी मुख्य लाइन (M/L) पर 05:27 बजे रोका गया.

## P. bangal

### ममता सरकार ने वापस लिया झारखंड बॉर्डर सील करने का आदेश, लेकिन खत्म नहीं हुई नाराजगी; दे डाली बड़ी चेतावनी



**रांची, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल सरकार ने झारखंड सीमा सील करने का आदेश शुक्रवार देर शाम करीब 24 घंटे बाद वापस ले लिया। इसके बाद मैथन समेत जमशेदपुर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और बोकारो से लगी सीमाएं खोल दी गईं और वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। हालांकि बहरागोड़ा और पटमदा बॉर्डर और दुमका के दुमका-सिउड़ी मुख्य पथ के महेशखला बॉर्डर और शिकारीपाड़ा-रामपुरहाट बॉर्डर से अभी वाहनों को छोड़ने की सूचना नहीं मिली है। इससे पहले सीमा सील रहने के कारण झारखंड से गुजरने वाले हजारों वाहन बॉर्डर पर फंसे रहे।

मैथन, पंचेत और तेनुघाट डैमों से पानी छोड़ने से नाराज बंगाल ने शुक्रवार शाम से झारखंड के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया था। खबर लिखे जाने तक मैथन टोल प्लाजा से निरसा तक लंबा जाम लगा हुआ था। जाम को देख भारी वाहनों को तोपचांची और धनबाद में ही रोका जा रहा था। बहरागोड़ा में जाम से सड़क के दोनों किनारे 10 हजार से ऊपर वाहन फंसे हुए थे। यहां रात 11.45 बजे जाम खुला। पटमदा सीमा पर भी वाहनों की 16 किमी लंबी कतार लगी थी। सीमा खोलने से पहले शुक्रवार दोपहर बाद मैथन में लोगों ने बंगाल से झारखंड आने वाले वाहनों को भी रोक दिया था। इससे स्थिति और बिगड़ रही थी। वाहनों में लदे फल और सब्जी बेकार होने लगे थे। बिहार, यूपी , एमपी, पंजाब, गुजरात, दिल्ली, झारखंड के अलावा अन्य राज्यों का वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी।

## Rajasthan

### कोटा के स्कूल में 12वीं की छात्रा से छेड़खानी, गुस्साए लोगों ने किया हंगामा, टीचर गिरफ्तार

**कोटा, (एजेंसी)** कोटा के एक गांव में सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एक शिक्षक को 12वीं की छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. एक पुलिस अधिकारी ने न्यूज से बताया कि आरोपी को शुक्रवार को पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया. घटना जिले के सुकेत थाना क्षेत्र के जुल्मी गांव के सरकारी स्कूल में हुई. इस स्कूल को'प्रधानमंत्री श्री स्कूल' की विशेष श्रेणी के तहत चुना गया था. राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने घटना का संज्ञान लिया और शिक्षक को निलंबित करने के आदेश जारी किए. उन्होंने मामले में समय पर कार्रवाई न करने के लिए स्कूल प्रिंसिपल को निलंबित करने का भी आदेश दिया है. सुकेत थाने के एसएचओ रघुवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि 17 वर्षीय छात्रा द्वारा लेक्चरर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद आरोपी वेद प्रकाश बैरवा (32) को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया. एसएचओ ने बताया कि नाबालिग ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने की कोशिश की.

## Chandigrah

### पति बना हैवान: महज इस बात पर पत्नी के प्राइवेट पार्ट पर कैंची से किए वार...नाक और बाल काटे, यहीं न रुका दरिंदा

**जलालाबाद/फिरोजपुर, (एजेंसी) पंजाब के फिरोजपुर में दहेज की खातिर गांव काठगढ़ में विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष ने क्रूरता की सारे हदें पार कर दीं। महिला की नाक व बाल काटने के अलावा उसके गुप्तांग पर कैंची से वार कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। जख्मी हालत में उसे मायके में घर के बाहर फेंक गए। परिवार ने पीड़िता को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी हालत देखते हुए उसे फरीदकोट के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।**

पीड़िता मनजीत कौर के पिता जीत सिंह व भाई अंग्रेज सिंह निवासी अरनीवाला ने बताया कि उनकी बेटी की शादी करीब सात साल पूर्व गांव काठगढ़ में अमरजीत सिंह के साथ हुई थी। बेटी के दो बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि अमरजीत की गांव काठगढ़ में एक लैब है। वह अपने पिता देस सिंह के साथ आरएमपी (रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर) का काम करता है। आरोप है कि बाप-बेटा लगातार पीड़िता से दहेज की मांग कर रहे थे। जीत ने कहा कि उन्होंने जमीन और गहने रखकर दो लाख रुपये बेटी के ससुराल पक्ष को दिए थे। बावजूद इसके ससुराल पक्ष बेटी के साथ मारपीट कर रहा था। आरोपियों ने उनकी बेटी की नाक और बाल काट दिए। यही नहीं पीड़िता के गुप्तांग पर कैंची से वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया और उनके घर के बाहर फेंक कर फरार हो गए।

## खेल

# विराट कोहली ने हासिल की खास उपलब्धि, ऐसा करने वाले सचिन तेंदुलकर बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने

**चेन्नई, (एजेंसी) भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। कोहली ने घर में 12000 रन पूरे कर लिए हैं। कोहली यह उपलब्धि हासिल करने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने वाले कोहली ने 219वें मैच में यह उपलब्धि दर्ज की।**

कोहली ने घर में 58.84 के औसत से 12000 रन पूरे किए हैं जिसमें 38 शतक और 59 अर्धशतक शामिल हैं। भारती परिस्थितियों में सचिन तेंदुलकर ने 258 मैचों में 50.32 के औसत से 14192 रन बनाए हैं जिसमें 42 शतक और 70 अर्धशतक शामिल हैं। घरेलू परिस्थितियों में सचिन और कोहली ऐसे भारतीय बल्लेबाज हैं जिनका प्रभाव रहा है। सक्रिय खिलाड़ियों में सिर्फ कप्तान रोहित शर्मा ऐसे खिलाड़ी हैं जो इन दोनों बल्लेबाजों के करीब हैं। रोहित कोहली से फिलहाल घरेलू परिस्थितियों में रन बनाने के मामले में साढ़े तीन हजार रन पीछे हैं।

कोहली 2027 वनडे विश्व कप तक भारत के लिए खेल सकते हैं। जून में





अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की थी और अब वह भारत के लिए वनडे और टेस्ट प्रारूप में खेलते हैं। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में अर्धशतकीय पारी खेली थी। वह आईपीएल 2024 के दौरान भी अच्छी फॉर्म में थे। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल के अंत में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है उससे पहले कोहली के पास बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना दम दिखाने का अच्छा मौका रहेगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली भारत के लिए महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगे।

### पहले टेस्ट में नहीं चला कोहली का बल्ला

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हालांकि कोहली का बल्ला ज्यादा नहीं चला और वह दोनों पारियों में प्रभावित नहीं कर सके। कोहली ने पहली पारी में जहां छह रन बनाए थे, वहीं दूसरी पारी में वह 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कोहली को ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज ने अपना शिकार बनाया। विराट कोहली एशियाई जमीन पर 2021 से टेस्ट में 18 बार स्पिनरों का शिकार हुए हैं। पिछले तीन साल में कोहली ने एशिया में स्पिनरों के खिलाफ 1094 गेंदों का सामना किया है और 45.61 के स्ट्राइक रेट और 27.72 के औसत से 499 रन बनाए हैं। हालांकि, वह पिछले कुछ समय से स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं और ऐसा ही बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में भी देखने मिला।

## सिनेमा

### एक्टर दीपक तिजोरी के साथ हुई धोखाधड़ी, मशहूर प्रोड्यूसर ने हड़पे पैसे, FIR दर्ज



बॉलीवुड एक्टर दीपक तिजोरी के साथ धोखाधड़ी हुई है. एक्टर ने मशहूर फिल्म प्रोड्यूसर विक्रम खाखर पर पैसों की ठगी करने का आरोप लगया है. दीपक का आरोप है कि प्रोड्यूसर ने फिल्म बनाने के लिए उनसे मोटी रकम ली और फिर देने से इनकार कर दिया. दीपक ने विक्रम खाखर के खिलाफ अंबोली पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी करने को लेकर केस भी दर्ज करा दिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि एक्टर दीपक तिजोरी ने प्रोड्यूसर विक्रम खाखर पर फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में 17.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है. अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को अंबोली पुलिस स्टेशन में दीपक तिजोरी ने पैसों की धोखाधड़ी के मामले में प्रोड्यूसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. दीपक तिजोरी ने अपनी शिकायत में कहा है कि विक्रम खाखर ने लंदन में उनकी फिल्म 'टिप्पी' की शूटिंग में मदद करने का वादा किया था, जिसके लिए प्रोड्यूसर ने उनसे 17.40 लाख रुपये लिये थे. दीपक तिजोरी ने अपनी शिकायत में ये भी कहा- मैं जब भी फिल्म के स्टेटस के बारे में पूछता था तो प्रोड्यूसर विक्रम खाखर कोविड की वजह से देरी होने का बहाना बना देते थे. वो कहते थे कि यूरोप में फिल्म की शूटिंग रुक गई है.

## Highlights

1. **Who is Rinson Jose, Kerala-born businessman linked to Lebanon pager blasts?**
2. **How are ingredients procured for 'laddoo prasadam' at Tirupati temple?**
3. **Tirupati laddoos were distributed during Ram Mandir 'Pran Pratishtha': Chief priest**
4. **Kerala-born man's firm linked to sale of Hezbollah pagers that exploded, probe underway**
5. **Leopard kills 3 people in less than 24 hours in Udaipur**
6. **4 EY officials visit late 26-yr-old employee's home two months after she died**

# Oyo to buy iconic hotel chains Motel 6 and Studio 6 for $525 million for US expansion

**NEW DEIHI, (Agency).** Homegrown hotel giant Oyo is purchasing Motel 6, one of America's most recognizable lodging brands for $525 million from global investment management conglomerate Blackstone's real estate division, as a part of plans to expand in the US.

Oravel Stays Ltd, the parent company of Oyo agreed to purchase G6 Hospitality LLC, the parent company of the Motel 6 as well as Studio 6 brands on September 20, 2024, with the transaction expected to close in the fourth quarter of 2024, according to Blackstone's press statement.

This comes at a time when the US hotel sector is struggling with declining occupancy and stagnant room rates, according to a Wall Street Journal report, which added that economy segment hotel customers usually pay $79 a night on average as on this year's




August, which is 14% higher compared to five years back, but lesser then last year, citing analytics from data firm CoStar.

What is Oyo?

Founded in 2012 by Ritesh Agarwal and headquartered in Gurugram, Oyo is a global hotel chain allowing for fast and convenient booking of hotel rooms through its app.

Oyo's hotel portfolio comprises of leased as well as franchised hotels, homes, and living spaces, currently offering more than 174,000 hotels in more than 35 countries.

At the moment, it has over 320 hotels across 35 states in the US, adding nearly 100 in 2023 alone, and aiming to add another 250 in 2024.

What is the significance of the Motel 6 brand?

Meanwhile, G6 Hospitality LLC has nearly 1,500 economy lodging locations across both the Motel 6 and Studio 6 Extended Stay brand in the United States and Canada, with Motel 6 ranking in the top 50 of all franchises in the 2024 Entrepreneur Franchise 500 report.

# Elon Musk's X names Brazil legal representative as it fights ban in the country

**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk-owned social media platform X has named a legal representative in Brazil, the firm's lawyers said on Friday, in a move that would address one of the demands imposed by Brazil's top court to allow the company to operate in the country.

Andre Zonaro and Sergio Rosenthal, who were recently appointed as X's lawyers in



Brazil, told Reuters that colleague Rachel de Oliveira Conceicao was chosen as the firm's legal representative, and that they had submitted her name to the Supreme Court.

Brazilian law requires foreign companies to name a legal representative to operate in the country. The representative would assume the legal responsibilities for the firm locally.

X had a legal representative in Brazil until mid-August, when it decided to close its offices in the country.

In late August, Brazil's top court ordered mobile and internet service providers to block X in the nation, and users were cut off within hours after X did not name a new legal representative.

The move followed a months-long dispute between Musk and Brazilian Justice Alexandre de Moraes over the firm's non-compliance with court orders demanding the platform take action against the spread of hate speech.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

**Visit our website & Submit your Query...**
**Team will contact you within 24 hrs...**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक